## नर्सिंग स्टाफ की मोबाइल लत ने बढ़ाई मरीजों और परिजनों की परेशानी

### जिला चिकित्सालय के प्रसूता वार्ड से निजी अस्पताल में पलायन करने मजबूर महिलाएं



**कटनी, देशबन्धु।** कटनी जिला अस्पताल प्रसव पीड़ा से तड़पती महिलाओं को निजी अस्पताल में जाना पड़ रहा है। बताया जाता है कि प्रसूता वार्ड अवस्थाओं के कारण आए दिन सुर्खियों में रहता है। कुछ इसी तरह का मामला सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात सामने आया है। जहां तीन से चार प्रसुताओं को इलाज नहीं मिलने के कारण उन्हें उनके प्रिज प्राइवेट अस्पताल ले जाने मजबूर हुए।

यह आरोप प्रसूता के परिजनों ने लगाया है जानकारी के अनुसार ज्योति पति अजीत कुमार पटेल 24 वर्ष निवासी रीठी बिरूहली सोमवार रात 9 बजे प्रसव पीड़ा होने पर जिला अस्पताल पहुंची थी लेकिन यहां ड्यूटी पर तैनात नर्सिंग स्टाफ द्वारा प्रसूता का इलाज नहीं किया गया प्रसूता के पति अजीत का आरोप है कि स्टाफ मोबाइल चलाने में व्यस्त था। मजबूरन उन्हें आज मंगलवार सुबह तड़के 4 बजे ज्योति को जिला अस्पताल से आदर्श कॉलोनी स्थित शारदा अस्पताल ले जाना पड़ा। वहीं इसी वार्ड में भर्ती मोनी पाल पति दीनदयाल जो कि भरौला उमरिया निवासी है बीती रात्रि 12 बजे उमरिया से रेफर होकर जिला अस्पताल पहुंची थी प्रसूता को खून की कमी थी, लेकिन स्टाफ द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया जिस कारण प्रसूता के परिजन उसे रात 3 बजे मजबूरन शारदा अस्पताल इलाज के लिए लेकर पहुंचे। इसी तरह यहां पहुंची दो अन्य प्रसूताओ को भी प्राइवेट अस्पताल नर्सिंग स्टाफ द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के कारण जाना पड़ा। एक और कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने बीते दिनों सप्ताह में अलग-अलग दिन जिला अस्पताल में अधिकारियों को निरीक्षण के लिए और व्यवस्थाओं का जायजा लेने निर्देशित किया है।

वहीं दूसरी ओर इस तरह की अवस्थाएं जिसमें प्रसूता को परेशान होना पड़ रहा है और नर्सिंग स्टाफ की मनमानी झेलना पड़ रही है। यह सब देखकर यही प्रतीत होता है कि अधिकारियों की जांच सिर्फ कागजों तक की सीमित है। अस्पताल में अवस्थाएं जस की तस बनी हुई है। ज्योति के परिजनों द्वारा जिला अस्पताल में हुई अव्यवस्था की शिकायत 181 पर की गई है। जिला अस्पताल प्रबंधन अब ज्योति के परिजनों को शिकायत वापस लेने दबाव बना रहा है। ऐसा आरोप ज्योति के परिजनों ने लगाया है।

## दीवार लेखन कर जल गंगा संवर्धन अभियान को जन- आंदोलन बनाने की पहल

**कटनी, देशबन्धु।** जिले में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर दीवार लेखन के माध्यम से प्रेरक और जल की महत्ता बताने वाले नारों का लेखन कर जल गंगा संवर्धन अभियान को जन-आंदोलन बनाने की पहल की जा रही है। जिले के कई गांवों की दीवारें इन दिनों ग्रामीणों को पानी बचाने और सहेजने तथा जल संरचनाओं के सुधार और मरम्मत करने की जानकारी दे रहीं हैं। इनमें से एक नारा है -बूंद-बूंद में शक्ति है,जीवन की ये भक्ति है। इसी प्रकार- पानी नहीं तो पियोगे क्या? बिना पानी जियोगे क्या? जैसे नारे ग्रामीणों के जेहन को झकझोर कर जल की महत्ता से अवगत करा रहे हैं। वहीं एक अन्य नारा है - जल ही जीवन है। जल है तो कल है, इसे बचाना सरल है।

## हथकुरी में हड़कम्प, जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण इलाकों में नहीं चला रहा जागरुकता अभियान

## फिर कोदो की रोटी खाकर 4 बीमार

**कटनी, देशबन्धु।** रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम हथकुरी में कोदो की रोटी खाने से एक ही परिवार के 4 लोग गम्भीर रूप से बीमार हो गए। सभी को इलाज हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपचार के बाद चारों की हालत में सुधार है। जानकारी के अनुसार हथकुरी निवासी रामशिरोमणि त्रिपाठी (85), गुजरतिया त्रिपाठी (75) उमेश त्रिपाठी (37) आरती त्रिपाठी (35) सोमवार को घर में सभी ने खाना खाया। उमेश त्रिपाठी ने बताया कि सभी ने कोदों की रोटी खाई थी।

रोटी खाने के बाद सभी लोग बेहोश होने लगे। उमेश त्रिपाठी ने सूझबूझ से काम लेते हुए 108 एम्बुलेंस को बुलाया और सबको लेकर किसी तरह जिला अस्पताल गए। उल्लेखनीय की इसकी पहले भी ग्रामीण क्षेत्रों में कोदो की रोटी खाने से अब तक दर्जनों लोग बीमार हो चुके हैं।आखिर क्या वजह है कि कोदो की रोटी खाने से लोगों लोग बीमार हो जाते हैं और फिर उनकी जान पर बन आती है। इस संबंध में जिला प्रशासन और चिकित्सा विभाग की भूमिका भी सवालों के घेरे में है।अभी तक इनके द्वारा कोदो की रोटियां के ना कोई सैंपल लिए गए हैं और ना ही कोई जांच पड़ताल की जा रही है। लिहाज लोग आज भी कोदो की रोटी खाकर बीमार पड़ रहे हैं। ऐसा लगता है जैसे प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

## देवडोंगरा के डबरी तालाब के आस-पास लगी हुई झाड़ियों और कचरे की साफ-सफाई जारी

**कटनी, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखंड कटनी में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद परिषद के मार्गदर्शन में सेक्टर क्रमांक एक मझगवां फाटक के आदर्श ग्राम देवडोंगरा में नवांकुर संस्था दृष्टि मानव विकास समिति देवडोंगरा सेक्टर प्रभारी मनीष पांडेय के नेतृत्व में ग्राम देवडोंगरा के डबरी तालाब के आस-पास लगी हुई झाड़ियों और कचरे की ग्रामवासियों के सहयोग से साफ- सफाई की गई। इसके अलावा आस-पास जमा गंदगी की साफ-सफाई भी की गई। जिससे शासन और समाज के सहयोग से जल स्त्रोतों का संरक्षण किया जा सके और जन समुदाय को भविष्य में जल को लेकर होने वाली परेशानियों से बचाया जा सके और जागरूक किया जा सके।

## सार-समाचार

### ब्रिटिश शासनकाल में बनी थी महादेवी माता की मढ़िया



**उमरियापान, देशबन्धु।** ढीमरखेड़ा तहसील के दशरमन गांव में मां महादेवी का प्राचीन स्थान है। यहां पर माता को लोग शिला के रुप में पूजते हैं। लगभग 25 फीट ऊंची शिला को लेकर लोगों की मान्यता है, इसका कद हर साल बढ़ता जाता है। पहले यहां पर शिला मात्र 5 से 6 फीट की थी। लगभग 200 वर्ष पुराने स्थान पर अंग्रेजी शासनकाल में बनवाई गई छोटी से मढ़िया है। जिसके निर्माण के समय दूध व खून की धारा निकली तो काम बंद कर दिया गया था। दतला नदी के किनारे बने इस स्थान पर हर साल बसंत पंचमी को मेला लगता है। मां महादेवी का स्थान ढीमरखेड़ा के जंगलों के बीच है और प्राकृतिक स्थल का आनंद उठाने भी लोग यहां पर पहुंचते हैं। इन दिनों नवरात्र पर यहाँ बडी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे है।

### खेत में गिरी हाईटेंशन लाइन, खड़ी फसल जलने से बची

**उमरियापान, देशबन्धु।** विद्युत वितरण केंद्र उमरियापान से कुछ ही दूरी पर घुघरी रोड स्थित एक किसान के खेत से गुजरी हाईटेंशन लाइन टूटकर गिर गई। जिससे खेत में खड़ी फसल तत्परता से आग बुझाये जाने से जलने से बच गई। घटना दोपहर लगभग 2 बजे की बताई जा रही है। लोगों ने हाईटेंशन लाइन टूटकर गिरने की सूचना तत्काल विधुत विभाग और पुलिस को दी। जिसके बाद विद्युत विभाग द्वारा तत्काल बिजली बंद की गई। विद्युत विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं थाना प्रभारी दिनेश तिवारी सहित पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचे। इस दौरान लोगों ने बताया कि तत्परता से आग नहीं बुझाई गई होती तो आग विकराल रूप धारण कर लेती। आग बुझने के बाद किसानों ने राहत की सांस ली।

### आज धूमधाम से मनाई जाएगी निषादराज जयंती, खिरहनी से निकलेगी वाहन रैली

**कटनी, देशबन्धु।** हर वर्ष की तरह इस बार भी राजा निषादराज जयन्ती कल 2 अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर निषाद मांझी उत्थान समिति के तत्वावधान में दोपहर 3 बजे से मंगलम गार्डन दुर्गा चौक में समस्त स्वाजातीय बंधु एकत्रित होंगे और इसके उपरांत वाहन रैली निकाली जाएगी। जो खिरहनी दुर्गा मंगलम गार्डन से खिरहनी ओवर ब्रिज के ऊपर से होकर नीचे ब्रिज में टर्न होकर बरही रोड होते हुए स्टेशन चौराहा, सुभाष चौक, रुई बाजार से शेर चौक, जुलूस मार्ग, आजाद चौक, चांडक चौक, बस स्टैंड, कुठला, पन्ना मोड़ से कृषि उपज मंडी इन्द्रानगर निषाद बस्ती के अन्दर सरस्वती स्कूल में रैली का समापन होगा। इसके बाद मंचीय कार्यक्रम होंगे। जिसमे राजा निषादराज जी का पूजन एवं आरती उतारी जाएगी। इसके उपरांत बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यक्रम आयोजक निषाद माँझी उत्थान समिति सचिव श्याम निषाद से संपर्क किया जा सकता है। माझी समाज जिला कटनी द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गुहराज निषादराज जयंती कार्यक्रम का आयोजन आज 2 अप्रैल को शाम 5 बजे से माझी समाज जिला कटनी के संरक्षक सुखराम निषाद के एनकेजे नयागांव स्थित निवास पर किया गया है। माझी समाज जिला कटनी ने समस्त स्वजातीय बन्धुओं से कार्यक्रम में पहुंचकर सफल बनाने का आग्रह किया है।

### पशुपालक 4 अप्रैल तक करा सकते हैं पंजीयन

**कटनी, देशबन्धु।** भारतीय गौवंशीय गायों के संरक्षण और प्रोत्साहन के लिए विशेष पुरस्कार योजना की घोषणा की गई है। इस योजना के तहत जिले के पशुपालक 2 अप्रैल से 4 अप्रैल 2025 तक पंजीयन करा सकते हैं। उच्च उत्पादकता वाली गायों को विशेष पुरस्कार दिया जायेगा। जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय पुरस्कार 21 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 11 हजार रुपये और राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार दो लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार एक लाख रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 50 हजार रुपये दिया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए पशु पालन विभाग कटनी, के नजदीकी पशु चिकित्सा केन्द्र से सम्पर्क किया जा सकता है। उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग डॉ आर के सोनी ने बताया कि इस योजना के तहत विकास खंड स्तर में चयनित पात्र गायों के तीन टाईम के दूध उत्पादन का मूल्यांकन का कार्य 5, 6 एवं 7अप्रैल को पशु पालकों के परिसर में विभाग द्वारा गठित दल द्वारा किया जायेगा, जिसके आधार पर जिला स्तरीय कमेटी द्वारा योग्य एवं अधिकतम दुग्ध उत्पादन वाली गायों को प्रथम, द्वितीय , एवं तृतीय घोषित कर पुरस्कृत किया जायेगा। डॉ सोनी ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य पशु पालकों के बीच देशी एवं भारतीय नस्लों को बढ़ावा देना और उच्च दूध उत्पादकता को प्रोत्साहित करना है।

## मंदिरों के पास खोल दी मदिरा की दुकान

**कटनी, देशबन्धु।** राजीव गांधी वार्ड के निवासी लोगों ने आज कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन दिया है जिसमें बताया गया कि आम जन मानस में चर्चा है कि अंग्रजी व देशी शराब दुकान संचालक द्वारा आबकारी नियमों की अवहेलना करते हुए शराब दुकान आपत्ति स्थल पर खोलने का प्रयास किया जा रहा है।

जन प्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में ऐसे स्थल का चयन किया चाहिए जिसमें जन मानस को कोई आपत्ति ना हो और व्यवसायिक स्थल के आसपास, आबादी, शैक्षणिक संस्थान धार्मिक स्थल इत्यादि नही होने चाहिए। आम जनता को शराब दुकान खुलने पर घोर आपत्ति है, उक्त स्थल से 50 मीटर के दायरे में सत्नारायण मंदिर, सिद्ध बाबा मंदिर, साई मंदिर, शेरा वाली मंदिर, स्थित एवं स्थानीय लोगो द्वारा समाजिक एवं धार्मिक आयोजन किये जाते है तथा गणेश जी एवं दुर्गा जी की प्रतिमा स्थापित की जाती है एवं यहां पर शहर की पब्लिक एवं भक्तगणों का आना रहता है। जिसस लागो की धार्मिक आस्था आहत होगी। यहां से 50 मीटर के दायरे में आस-पास अनेक स्कूल संचालित है।

जैसे, ज्योति शिक्षा निकेतन, एचबी मैमोरियल, प्यूष स्कूल, संचालित है। जहां बच्चे एवं बच्चियां पढ़ते है और उक्त मार्ग से आना जाना लगा रहता है। यहां पर दुकान खोला जाना शासन के नियमों के विरुद्ध है। यह कि उक्त स्थल से 50 मीटर के दायरे में आस-पास बैंक एवं अस्पताल भी होने से पब्लिक का आना जाना लगा रहता है। जिससे असमाजिक गतिविधिया बढ़ेगी। अतः उपरोक्त स्थान पर दुकानें न खोली जावे।



राजीव गांधी वार्ड में अंग्रेजी व देशी शराब दुकान खोलने पर स्थानीय लोगों में आक्रोश

## मैहर जा रहे श्रृद्धालुओं को फलाहार व जलपान

### श्री जगदीश स्वामी ट्रस्ट कमेटी द्वारा जगन्नाथ मंदिर व यश टायर हाऊस पुरैनी में दी जा रही सेवाएं



**कटनी, देशबन्धु।** चैत्र नवरात्र पर्व पर माता शारदा की पावन नगरी मैहर पैदल जाने वाले श्रृद्धालुओं के लिए शहर में श्री जगदीश स्वामी ट्रस्ट कमेटी के द्वारा जलपान व फलाहार की व्यवस्था की जा रही है। कमेटी के द्वारा यह व्यवस्था प्रतिवर्ष शारदेय नवरात्र व चैत्र नवरात्र पर की जाती है और यह सेवा इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र पर जारी है। श्री जगदीश स्वामी ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सरावगी ने बताया कि प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से पैदल मैहर दर्शन के लिए आने व जाने वाले श्रृद्धालुओं के लिए यह सुविधा शहर के जगन्नाथ चौक स्थित श्री जगदीश स्वामी ट्रस्ट कमेटी मंदिर व पुरैनी स्थित यश टायर हाऊस में की जा रही है। सभी श्रृद्धालुओं को ठंडा शुद्ध पानी, चाय, फलाहार कराया जा रहा है। नवरात्र पर्व पर प्रतिदिन यह सेवा कमेटी के पदाधिकारी विजय सिंह के द्वारा अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ मिलकर की जा रही है।

## उमरियापान कन्या शाला में मनाया गया प्रवेशोत्सव



**उमरियापान, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार उमरियापान स्थित शासकीय उमा विधालय में भी प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाली 3 बालिकाओं का तिलक वंदन एवं पूजन कर स्वागत किया गया। साथ ही विभिन्न कक्षाओं एवं पहले की नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को पुस्तक वितरण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच अटल बिहारी ब्यौहार, राजा चौरसिया, विजय दुबे, राजेश ब्यौहार, जितेंद्र अरोरा, शैलेन्द्र पौराणिक, जगन्नाथ मांझी, आशीष, जयपाल सिंह, दिनेश असाटी, प्रभारी प्राचार्य दिलीप बाजपेयी, अशोक पटेल, गिरिजा सिंह, विनीता हल्दकार, मनीषा, कृष्ण कुमार, किरण पटेल सविता मेश्राम, मुन्नालाल ठाकुर, तुलसीराम सोनी, लकी बाजपेई सहित स्टाफ की उपस्थिति रही। प्राचार्य दिलीप बाजपेयी ने बताया कि प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के तहत 2 अप्रैल को भविष्य से भेंट कार्यक्रम, 3 अप्रैल को खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम, 4 अप्रैल को शाला प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट उमा विधालय उमरियापान में भी प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विधालय के टापर दिलीप सेन को शासन की योजनार्गत स्कूटी प्रदान की गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, खंड स्तरीय अधिकारियों एवं विधालय परिवार की मौजूदगी रही।

## वंशस्वरूप वार्ड में होगा सीसी सड़क एवं नाली का निर्माण

**कटनी, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम महापौर प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक एवं वार्ड पार्षद सुमित्रा रावत के साथ शनिवार को नगर निगम सीमांतर्गत वंशस्वरूप वार्ड में लगभग 47 लाख की लागत से होने जा रहे विकास कार्यों का भूमिपूजन वार्ड की नागरिक अंजली कोल,श्यामनी बाई से विधिवत् संपन्न कराया।

इन विकास कार्यों में वार्ड में स्थित लाला पहाड़ी में 21 लाख की लागत से सड़क एवं 17 लाख की लागत से नाली का निर्माण होगा,इसी क्रम में बंगाली दादा के पास एवं विभिन्न स्थानों में 9 लाख की लागत से सी सी नाली बनायी जायेगी,जिससे स्थानीय जनों की समस्याएँ अब ख़त्म हो सकेंगी। इस अवसर पर वार्डवासियों ने महापौर सूरी, निगमाध्यक्ष व स्थानीय पार्षद को धन्यवाद प्रेषित कर पुष्प गुच्छ से स्वागत कर नागरिक अभिनंदन किया जाकर खुशी ज़ाहिर की। इस मौके पर महापौर श्रीमति सूरी ने वार्ड वासियों से कहा कि वार्डों में विकास को निरंतर गति प्रदान की जा रही है। कटनी को विकास के उच्चतम स्तर में लाने हेतु हमारी भाजपा सरकार हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री, क्षेत्रीय सांसद विष्णु दत्त शर्मा, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के मार्गदर्शन में वे लगातार कटनी को विकास की दृष्टि में बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत हैं, ताकि सभी वार्ड के नागरिकों को उनकी मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रखते हुए उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध हो सके।

इस दौरान एमआईसी सदस्य डॉ. रमेश सोनी, सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद शकुन्तला सोनी, ओमप्रसाद बल्ली सोनी, शशिकांत तिवारी, उमेन्द्र अहिरवार, उपयंत्री संजय मिश्रा, उर्मिला कोल, सुनीता कोल, रजनी कोल, किशन चौधरी एवं अन्य स्थानीय जनों की उपस्थिति रही।



वार्ड को मिली लगभग 47 लाख के विकास कार्यों की सौगात, महापौर व पार्षद ने किया भूमिपूजन

## स्कूल चले हम अभियान के तहत 99 अधिकारियों की ड्यूटी लगी

**कटनी, देशबन्धु।** स्कूल चलें हम अभियान के तहत शालाओं में 4 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इस परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने बुधवार 2 अप्रैल को जिले की सभी शासकीय शालाओं में आयोजित होने वाले भविष्य से भेंट कार्यक्रम के लिये 99 अधिकारियों की ड्यूटी आदेश जारी किया है। इसमें सभी संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों और जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इन सभी अधिकारियों को बुधवार को आयोजित भविष्य से भेंट कार्यक्रम में शामिल होने के बाद छात्रों की दर्ज संख्या, कार्यरत शिक्षक सहित शाला में साफ-सफाई, पीने के पानी की उपलब्धता और मध्यान्ह भोजन की उपलब्धता व गुणवत्ता तथा हैण्ड वॉश यूनिट की उपलब्धता और स्कूल में उपयोग होने वाले टॉयलेट की उपलब्धता के अलावा शाला भवन की स्थिति का भी प्रतिवेदन कलेक्टर श्री यादव को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।

## जिला, तहसील, विकासखंड और ग्राम पंचायतों में आयोजित हुई जनसुनवाई

### कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी 103 आवेदकों की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश

**कटनी, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में 103 आवेदकों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं गईं। जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायतों, तहसील और विकासखंड मुख्यालयों में भी किया गया। जहां पहुंचे आवेदकों ने अपनी समस्यायें बताई एवं आवेदन दिए। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर निधि सिंह, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, संस्कृति शर्मा, विवेक गुप्ता, ज्योति लिल्हारे मौजूद रहें। ग्राम गैरतला तहसील विजयराघवगढ़ निवासी राकेश कुमार द्विवेदी पिता श्री रामदत्त द्विवेदी ने आवेदन देते हुए बताया कि मेरी भूमि जिसका खसरा नंबर 861/9997/3 व 1060 है। यह भूमि कुटेश्वर लाइम स्टोन माइंस के द्वारा अधिग्रहित कर इसका उपयोग किया जा रहा है। जिससे मैं इस भूमि पर कृषि कार्य नहीं कर पा रहा हूँ। जिससे मेरे परिवार का भरण-पोषण नहीं हो पा रहा है। इसलिए मुझे कुटेश्वर लाइम स्टोन में रोजगार दिलाया जाय। जिस पर माइनिंग विभाग एवं एसडीएम विजयराघवगढ़ को समय-सीमा में उचित कार्यवाही करने के निर्देश जनसुनवाई में दिये गये।

जनसुनवाई के दौरान बहोरीबंद डिहुटा निवासी आवेदक लल्लू सिंह द्वारा आवेदन देते हुए बताया गया कि नन्ही बाई यादव पति स्व. जगदीश यादव के नाम पर पीएम आवास मंजूर हुआ था। जिसकी प्रथम किश्त 25 हजार रूपये तत्कालीन ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, सहायक सचिव एवं इंजीनियर श्री वर्मा द्वारा नन्ही बाई पति स्व. नंदू यादव के खाते नंबर 34099032945 में डालकर निकलवा ली गई। शिकायत करने पर 40-40 हजार रुपये की दो किश्त नन्ही बाई यादव पति जगदीश के खाता नं. 33480524748 में दी गई। परंतु पुनः आखिरी किश्त 15 हजार रूपये फर्जी खाते में डालकर गबन कर लिया गया। जिस पर सीईओ जनपद पंचायत बहोरीबंद को समय-सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

अमीरगंज निवासी अशोक बर्मन ने अपने आवेदन में बताया कि 12 नवंबर 2024 को मैंने मीटर बदलने के लिये आवेदन दिया था लेकिन अभी तक मेरा मीटर नहीं बदला गया। जिससे मेरा एवरेज बिल आ रहा है। जो चुकाने में मैं असमर्थ हूँ। इसलिए मेरा मीटर बदला जाये एवं बिल कम किया जाये। जिस पर एमपीईबी को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम छिंदहाई पिपरिया निवासी राममिलन पटेल पिता स्व. मुलई पटेल ने आवेदन देते हुए बताया कि मेरे पुत्र शारदा प्रसाद की मृत्यु हो जाने के उपरांत बहू रामप्यारी द्वारा कृषि भूमि एवं मकान जो प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाया गया था, अपने रिश्तेदारों के सहयोग से मारपीट कर मुझे निकाल दिया गया है। जिसके संबंध में मैंने पुलिस थाना बरही एवं तहसीलदार बरही के समक्ष शिकायत की परंतु कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। जिस पर एसडीएम विजयराघवगढ़ एवं तहसील बरही को समय-सीमा में नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

